दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union — Govt. Registered


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 05 मई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 216

# भीषण हादसा... ट्रक से भिड़ी कार, 2 बच्चों समेत 11 लोगों की मौत, शादी समारोह में जा रहे थे सभी

❑ मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर शोक जताते हुए प्रति मृतकों के परिजनों के लिए घोषित की 4 लाख की सहायता राशि



**धमतरी/बालोद (आरएनएस)।** बालोद में बुलेरो कार ट्रक से टकरा गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और इसमें सवार 11 लोगों की मौत हो गई. इनमें से 10 एक ही परिवार के थे. मरने वालों में एक डेढ़ साल का बच्चा भी शामिल है. ये सभी लोग शादी में शामिल होने जा रहे थे. हादसा कांकेर नेशनल हाइवे पर जगतरा के पास हुआ. बताया जा रहा है कि परिवार धमतरी के सोरम गांव से बुलेरो में सवार होकर शादी में शामिल होने के लिए मरकाटोला जा रहा था. लेकिन बीच में ही एक्सीडेंट हो गया. हादसे में मरने वालों में दो बच्चे और 5 महिलाएं भी शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि बुधवार रात ये हादसा हुआ. इस हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है. ये सभी लोग शादी में शामिल होने के लिए मरकाटोला जा रहे थे. टक्कर इतनी तेज थी कि 10 लोगों की मौत पर ही मौत हो गई. जबकि एक की अस्पताल के जाते वक्त जान चली गई. उन्होंने बताया कि सभी के शवों को अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. उधर, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घटना पर दुख जताया है. उन्होंने ट्वीट किया, अभी अभी सूचना मिली है कि बालोद के पुरूर और चारमा के बीच बालोदगहन के पास शादी कार्यक्रम में जा रही बोलेरो और ट्रक के बीच भिड़ंत में 10 लोगों की मौत हो गई है और बच्ची की स्थिति गंभीर है। ईश्वर दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं को शांति एवं उनके परिवारजनों को हिम्मत दे. घायल बच्ची के स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं. मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर शोक जताते हुए प्रति मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपये की सहायता राशि दिये जाने की घोषणा की है।

मृतकों के नाम – केशव साहू (34), डोमेश ध्रुव (19), टोमिन साहू (33), संध्या साहू (24), रमा साहू (20), शैलेंद्र साहू (22), लक्ष्मी साहू (45), धरमराज साहू (55), उषा साहू (52), योग्यांश साहू (3), ईशान साहू डेढ़ साल।

**मुख्यमंत्री ने जताया गहरा दुख-** रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बालोद जिले के पुरूर और चारामा के बीच बालोदगहन के पास बीती रात सडक़ दुर्घटना में साहू परिवार के 10 सदस्यों एवं डामेश धुरव की मृत्यु की घटना पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। शादी कार्यक्रम में जा रही बोलेरो और ट्रक के बीच में भिड़ंत से यह दु:खद घटना घटी। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारजनों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश जिला प्रशासन के अधिकारियों को दिये हैं। साथ ही उन्होंने इस घटना में मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की।

**सडक़ हादसे में ग्यारह लोगों की गई जान,परिजनों से मिलने धमतरी विधायक पहुंची ग्राम सोरम-** बीती रात नेशनल हाइवे 30 में जगतरा के पास भीषण सडक़ हादसा हुआ जिसमें एक ही परिवार के 11 लोगों की जान चली गई, बोलेरो सवार सभी शादी समारोह में शामिल होने मरकाटोला जा रहे थे तभी जगतरा के पहले विपरीत दिशा से आ रही ट्रक से भयानक एक्सीडेंट हो गया जिसमें ग्राम सोरम निवासी धरम राज साहू सहित सभी ग्यारह सदस्यों की जान चली गई।

वहीं खबर पाते ही सुबह सुबह विधायक रंजना डिपेंद्र साहू ग्राम सोरम पहुंची जहाँ मृतकों के घर पहुंच अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की तथा परिजनों के दुख की सहभागी बनीं।

विधायक साहू द्वारा गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा गया इस दर्दनाक सडक़ हादसे में एक पूरे परिवार के सदस्यों की मृत्यु अत्यंत दुखद एवं मन को व्यथित करने वाली है, एक ही परिवार के दस लोगो एवं उसी गांव के ध्रुव परिवार के ड्राइवर का यूँ अचानक चले जाना अत्यंत दुखद है, दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करती हूँ, ईश्वर शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति एवं संबल प्रदान करें।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश, 3 जवान थे सवार

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर से एक बड़ा हादसा होने की खबर है। यहां के किश्तवाड़ जिले के एक गांव में भारतीय सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया है। बताया जा रहा है कि इस हेलिकॉप्टर में भारतीय सेना के तीन अधिकारी सवार थे। रेस्क्यू के लिए टीमों को घटनास्थल पर रवाना कर दिया गया है। अभी तक उनसे संपर्क नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि जहां ये हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ है, वो किश्तवाड़ का काफी दुर्गम इलाका है। यहां बीते दो-तीन दिनों से रुक-रुककर बारिश हो रही थी। सेना के तीन अधिकारी हेलिकॉप्टर पर जा रहे थे, बताया जा रहा है कि यही हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ है। हालांकि सेना की ओर से पता लगाया जा रहा है कि उनकी तबीयत कैसी है। इसके लिए रेस्क्यू की टीमों को रवाना कर दिया गया है। हालांकि अभी तक उन अधिकारियों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

### बारामूला में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता, दो आतंकवादी ढेर; हथियार और गोला-बारूद बरामद

**श्रीनगर (आरएनएस)।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया, दो आतंकवादी मारे गए हैं। उनकी पहचान की जा रही है। उनके पास से एक एके-47 राइफल और एक पिस्तौल समेत कई हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को वनिगम पयीन क्रीरी के द्राच इलाके में आतंकवादियों के होने की सूचना मिली थी। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी जिसके बाद आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की है।

### मनीष सिसोदिया के खिलाफ ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर, 2000 पन्नों के आरोप पत्र में पूर्व डिप्टी सीएम का नाम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के खिलाफ ईडी ने 2000 पन्नों की चार्जशीट दायर की है। ईडी ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की है। मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई भी चार्जशीट दायर कर चुकी है। मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिए कोर्ट के दरवाजे भी खटखटाए थे, लेकिन उन्हें जमानत नहीं मिली थी। सिसोदिया फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है। इससे पहले मनीष सिसोदिया ने अपनी पत्नी के खराब स्वास्थ्य के चलते अंतरिम जमानत की भी मांग की थी। इस मामले को लेकर कोर्ट ने ईडी से जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले में अगली सुनवाई 11 मई को होगी। सिसोदिया की जमानत याचिका को निचली अदालत ने 28 अप्रैल को खारिज कर दिया था।

### सर्बिया के स्कूल में चली ताबड़तोड़ गोलियां, 9 लोगों की मौत; सात घायल

**बेलग्रेड (आरएनएस)।** सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड के एक स्कूल में बुधवार को गोलीबारी में आठ बच्चों समेत नौ लोगों की मौत हो गई और अन्य सात घायल हो गये। गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में पुलिस ने सर्बियाई राजधानी में व्राचर नगर पालिका के एक स्कूल में गोलीबारी की सूचना दी थी। संदेह जताया जा रहा है कि हमलावर एक 14 वर्षीय किशोर है, जिसने अपने पिता की पिस्तौल से गोलीबारी की। बाद में, मीडिया ने बताया कि गोलीबारी में कम से कम आठ बच्चे और एक गार्ड मारा गया है। बयान में कहा गया है, व्राचर जिले के व्लादिस्लाव रिबनिकर स्कूल में आज सुबह हुई गोलीबारी में आठ बच्चे और एक सुरक्षा गार्ड की मौत हो गयी तथा छह बच्चे और एक शिक्षक घायल हो गये। उन्हें एक एम्बुलेंस केंद्र और बच्चों के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जयपुर-अजमेर हाईवे पर दर्दनाक हादसा

## आल्टो कार पर पलटा टैंकर, आठ लोगों की दबकर मौत



**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के जयपुर के दूदू में भीषण सडक़ हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई है। ये हादसा दूदू के रामनगर के पास हुआ। बताया जा रहा है कि हाईवे से गुजर रहे टैंकर का अचानक से टायर फट गया। टायर फटते ही टैंकर आल्टो कार पर जा पलटा। हादसा इतना भीषण था कि टैंकर में दबने की वजह से कार पूरी तरह पिचक गई। हादसे में 8 लोगों की दबकर मौत हो गई।

एएसआई राजेंद्र सिंह ने बताया कि सभी मृतक फागी के रहने वाले थे जो अजमेर जियारत करने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि टैंकर का टायर फटते ही वह डिवाइडर तोड़ते हुए अल्टो से टकरा गया। इसमें सात की मौके पर ही मौत हो गई।

इस दौरान टैंकर ने एक मोटर साइकिल सवार युवक को भी चपेट में ले लिया था। वहीं एक को जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल में रेफर किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान उसकी भी मौत हो गई।

## मणिपुर में हिंसा के बाद सेना ने संभाला मोर्चा : 4000 लोगों को किया शिफ्ट, इंटरनेट सेवा बंद, लगाया गया कर्फ्यू



**इम्फाल (आरएनएस)।** मणिपुर में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने की मांग का विरोध करते हुए बुधवार (3 मई) को जनजातीय समूहों की ओर से बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया। आदिवासी आंदोलन के दौरान हिंसा भडक़ गई जिसके बाद आठ जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया और पूरे राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं।

बढ़ती हिंसा को रोकने के लिए सेना और असम राइफल्स को बुलाया गया। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए सेना और असम राइफल्स द्वारा आज फ्लैग मार्च किया गया। हिंसा के बाद राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 4,000 लोगों को सेना के शिविरों और सरकारी कार्यालय परिसरों में आश्रय दिया गया था।

मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में शामिल करने की मांग का विरोध करने के लिए छात्रों के एक संगठन द्वारा आहूत 'आदिवासी एकता मार्च' में हिंसा भडक़ गई थी। 'ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ मणिपुर' (एटीएसयूएम) ने कहा कि मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल करने की मांग जोर पकड़ रही है, जिसके खिलाफ उसने मार्च आहूत किया।

**हिंसा की आग में जल रहा मणिपुर, दंगाइयों को देखते ही गोली मार देने का आदेश-** मणिपुर में आदिवासी आंदोलन के दौरान बुधवार हुई हिंसा की चपेट में आठ जिले आ गए। जिस कारण मणिपुर के हिंसाग्रस्त माहौल को देखते हुए प्रभावित इलाकों में दंगाइयों को देखते ही गोली मार देने के आदेश दे दिए गए हैं। राज्यपाल ने हिंसाग्रस्त इलाकों में दंगाइयों को देखते ही गोली मार देने के राज्य सरकार के फैसले को मंजूरी दे दी है। इससे पहले हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में धारा 144 लागू कर दी गई थी। वहीं राज्य में अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट भी बंद कर दिया गया है।

मणिपुर में असम राइफल्स की 34 और सेना की 9 कंपनियां तैनात हैं। इनके अलावा गृह मंत्रालय ने रैपिड एक्शन फोर्स की भी पांच कंपनियों को मणिपुर भेज दिया है। हालांकि, इसके बावजूद मणिपुर में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## पहलवानों ने जंतर-मंतर पर दुर्व्यवहार करने वाले पहलवानों के खिलाफ कार्यवाई की मांग की



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर बुधवार रात प्रदर्शन स्थल पर उनके साथ कथित मारपीट के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पत्र में उन्होंने विरोध प्रदर्शन में वाटरप्रूफ टेंट, बिस्तर, जिम के उपकरण, कुश्ती मैट और साउंड सिस्टम लाने की अनुमति भी मांगी है।

पत्र में उन्होंने लिखा है, हम, ओलंपियन और अंतर्राष्ट्रीय पहलवान, पिछले 11 दिनों से दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्वक विरोध कर रहे हैं। (बुधवार रात) लगभग 11 बजे, हम रात में रुकने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था कर रहे थे, जब दिल्ली पुलिस के एसीपी धर्मेंद्र ने लगभग 100 पुलिस कर्मियों के साथ हम पर हमला किया। हमले में दुष्यंत फोगट और राहुल यादव के सिर पर चोट आई है।

पहलवानों ने आरोप लगाया कि एसीपी ने ओलंपियन विनेश फोगट को गालियां दीं, जबकि साक्षी मलिक और संगीता फोगट को पुलिस ने पीटा।

उन्होंने कहा, इस तरह से अंतर्राष्ट्रीय पहलवानों पर हमला करना और उनका अपमान करना एथलीटों का मनोबल तोडऩे वाला है। यह उनके आत्मविश्वास को कम करता है। इससे देश की भी बदनामी हो रही है। हम आपसे तत्काल कार्रवाई करने का अनुरोध करते हैं।

## क्रेमलिन पर ड्रोन हमले का रूस ने लिया बदला, यूक्रेन के खेरसॉन पर किया हमला, 21 लोगों की मौत



**कीव (आरएनएस)।** क्रेमलिन पर हुए ड्रोन हमले का बदला लेने के लिए रूस तैयार है। रूस ने यूक्रेन पर बड़ा हमला किया है। खेरसॉन में रूस के हमले में 21 लोगों की मौत की खबर है। इसके अलावा 48 लोग घायल हुए हैं। खुद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसकी जानकारी दी। रेलवे स्टेशन, मार्केट, मॉल को निशाना बनाकर ये हमला किया गया। कीव में भी धमाके की आवाज सुनी गई।

यूक्रेन के क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन ने टेलीग्राम पर कहा कि कीव में सभी एयर डिफेंस सिस्टम काम कर रहे हैं और सेना लोगों को बचाने की पूरी कोशिश कर रही है।

यूक्रेनी अफसरों ने बताया कि रूस के हमलों में 12 लोग शहर में ही मारे गए, जबकि पास के गांवों में भी मृतकों की खोज जारी है। अब तक नौ के मारे जाने की पुष्टि हुई है। इन हमलों के बीच खेरसन में कफ्र्यू को जारी रखा गया।

इस बीच एक रूसी न्यूज एजेंसी ने दावा किया है कि यूक्रेनी ड्रोन्स के एक और हमले से दक्षिण रूस में तेल रिफाइनरी में आग लग गई। मीडिया के मुताबिक, यूक्रेन की ओर से यह हमला इल्स्की रिफाइनरी के पास हुआ, जो कि काला सागर बंदरगाह के करीब नोवोरोसियस्क में मौजूद है। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि तेल के बड़े भंडार में आग लगी है। हालांकि, इसके आगे की जानकारी नहीं दी गई। इससे पहले यूक्रेन के कथित हमले में रूस के क्रैस्नोदार क्षेत्र में एक ईंधन डिपो में आग लग गई थी। यह इलाका रूस और क्रीमिया को जोडऩे वाले पुल के काफी करीब था।

## 'द केरल स्टोरी' के खिलाफ याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने फिर से खारिज

❑ सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 'फिल्म निर्माता निवेश करते हैं, अभिनेता बहुत काम करते हैं'




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म 'द केरला स्टोरी' की रिलीज पर रोक लगाने की मांग करने वाले याचिकाकर्ता के नए प्रयास को खारिज करते हुए कहा कि एक फिल्मकार फिल्म बनाने में बहुत पैसा और समय लगाता है और अभिनेता भी बहुत काम करते हैं, और बाजार तय करेगा कि क्या यह स्तर तक है या नहीं है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पदीर्वाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा: एक तो सीबीएफसी ने फिल्म को रिलीज कर दिया है, दूसरा, केरल उच्च न्यायालय ने फिल्म पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, और तीसरा, कल हमने कहा था कि हम अनुच्छेद 32 के तहत याचिका पर विचार नहीं करेंगे। अब, इन चरणों के पूरा हो जाने के बाद और अब हमारे लिए इस तरह की अर्जी सुनना उचित नहीं है। पत्रकार कुर्बान अली द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि फिल्म के खिलाफ अदालत जाने से पहले फिल्म निर्माता और अभिनेताओं के बारे में विचार किया जाना चाहिए और इसे कितनी बार चुनौती दी जाएगी? पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील, वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी और शोएब आलम से फिल्म निर्माता को देखने के लिए कहा, वह अपनी फिल्म की रिलीज के लिए अदालतों का सामना नहीं कर सकता है और केरल उच्च न्यायालय ने फिल्म पर रोक लगाने से पहले ही मना कर दिया है। अहमदी ने प्रस्तुत किया कि केरल उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजा गया था, जिन्होंने कहा कि पीठ का गठन किया गया है। अहमदी ने तर्क दिया- रजिस्ट्री ने बाद में याचिकाकर्ता को सूचित किया कि पीठ गुरुवार को सुनवाई नहीं करेगी और केरल उच्च न्यायालय गर्मी की छुट्टी पर है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने फिल्म के खिलाफ याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

पीठ ने बताया कि याचिकाकर्ता ने शुरू में लंबित अभद्र भाषा के मामले में वाद-विवाद आवेदन के माध्यम से फिल्म की रिलीज को चुनौती देने की कोशिश की थी, जिसे एक अन्य पीठ ने खारिज कर दिया था। अहमदी ने पीठ से फिल्म की रिलीज से पहले अदालत में अपने मामले पर बहस करने की अनुमति देने का अनुरोध किया। मुख्य न्यायाधीश ने वकील से कहा कि उच्च न्यायालय के समक्ष कोशिश करें।

बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने जमीयत उलमा-ए-हिंद की एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें केंद्र और अन्य को सिनेमाघरों, ओटीटी प्लेटफार्मों और अन्य रास्ते में फिल्म की स्क्रीनिंग या रिलीज की अनुमति नहीं देने का निर्देश देने और ट्रेलर को इंटरनेट से हटाने की मांग की गई थी।